# पार्षद नईम ने ताजी खाना में खराब समरसेबल तुरंत लगवाकर दी राहत

**ताजी खाना में पानी संकट खत्म, पार्षद नईम ने समरसेबल खराब होते ही तत्काल लगवाया,**

(जीएनएस)।

लखनऊ। वजीरगंज-मशकगंज वार्ड संख्या 102 में, पार्षद मोहम्मद नईम ने सेवा की एक नई मिसाल कायम की है। लगातार पाँच बार जीतने के बाद, उन्होंने छठी बार भी जीत हासिल की है, जिससे यह साबित होता है कि उनका और उनके परिवार



का राजनीतिक सफर सन 1995 से निरंतर जारी है।

25 वर्षों से अधिक समय से सक्रिय, नईम भाई की पहचान उनका कार्य है। वह अपने कार्यालय को सेवा केंद्र मानते हैं, जहाँ वह सुबह 8 से 2 और शाम 5 से 8 बजे तक जनता की समस्याएं सुनते हैं और उनका तुरंत निस्तारण करते हैं।

हाल ही में, ताजी खाना क्षेत्र में समरसेबल खराब होने की सूचना मिलते ही, उन्होंने तत्काल नया समरसेबल लगाने का आदेश दिया और टीम को मौके पर भेजा ताकि लोगों को परेशानी न हो।

छात्र राजनीति से जनसेवा में उतरे नईम भाई का मानना है कि राजनीति लोगों के लिए काम करने का माध्यम है। उनकी पत्नी, साइमा नईम, जो वर्तमान में इसी वार्ड से सपा पार्षद हैं, भी इसी सेवा भावना के लिए जानी जाती हैं। मोहम्मद नईम की लगातार जीत यह दशार्ती है कि लखनऊ नगर निगम में काम बोलता है'।

# डिवाइन डेंटल केयर क्लीनिक का उद्घाटन : एमएलसी अवनीश कुमार सिंह ने फीता काटकर किया उद्घाटन

लखनऊ / आलमबाग गीता पल्ली मार्केट में डिवाइन डेंटल केयर क्लीनिक का उद्घाटन लखनऊ क्लीनिक खुलने से यहां के आसपास के लोगों के लिए काफी सुविधाजनक एवं लाभदायक होगा तथा इस में किया जाएगा तथा डिवाइन डेंटल केयर की तरफ से प्रत्येक मंगलवार के दिन मरीजो के लिए यह सुविधा कम पैसों में इलाज किया जा सके।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से एमएलसी स्नातक अवनीश कुमार







स्नातक एमएलसी अवनीश कुमार सिंह के द्वारा किया गया क्लीनिक की मुख्य चिकित्सक डॉक्टर कीर्ति सिंह भी मौजूद रही क्लीनिक का उद्घाटन करने के बाद मुख्य अतिथि एमएलसी स्नातक लखनऊ अवनीश कुमार सिंह ने बताया कि इस क्षेत्र में दांत क्लीनिक मे दांत से संबंधित सभी प्रकार की समस्याओं का निदान किया जाएगा।

डिवाइन डेंटल केयर की मुख्य चिकित्सा डा कीर्ति सिंह ने बताया कि यहां पर दांत की गंभीर से गंभीर बीमारी का इलाज कम से कम शुल्क उपलब्ध रहेगी निःशुल्क कैंप भी लगाया जाएगा जिसके माध्यम से गरीब व्यक्तियों का निःशुल्क दंत से संबंधित बीमारियों का इलाज किया जाएगा डॉ कीर्ति सिंह ने बताया कि क्लीनिक का मुख्य उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर व्यक्तियों का कम से सिंह राष्ट्रीय लोकदल प्रोफेशनल मंच के प्रदेश अध्यक्ष अंबुज पटेल हाई कोर्ट अधिवक्ता, पंकज कुमार, मनीष पटेल, सुमित सिंह, अश्वनी प्रताप सिंह, आर के पटेल, प्रबंधक एसके सिंह एवं अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे

# गैलेक्सी हेल्थ इंश्योरेंस ने उत्तर भारत में अपनी मौजूदगी का विस्तार किया






**वित्त वर्ष 2026 तक स्वास्थ्य बीमा की पहुँच बढ़ाने का लक्ष्य लखनऊ में क्षेत्रीय कार्यालय की शुरूआत;**

**राज्यभर में 1,000 एजेंट जोड़ने और 5,000 लोगों को बीमा सुरक्षा देने की योजना**

स लखनऊ, 15 अक्टूबर 2025: भारत की सबसे नई स्वतंत्र स्वास्थ्य बीमा कंपनी, गैलेक्सी हेल्थ इंश्योरेंस — जिसे टीव्हीएस समूह के श्री वेणु श्रीनिवासन और बीमा क्षेत्र के वरिष्ठ विशेषज्ञ श्री वी. जगन्नाथन के परिवार का सहयोग प्राप्त है — ने आज उत्तर भारत में अपने विस्तार की घोषणा की। इसके तहत कंपनी ने लखनऊ, उत्तर प्रदेश में अपना क्षेत्रीय कार्यालय शुरू किया है। यह कदम पूरे देश में किफायती और सबके लिए सुलभ स्वास्थ्य बीमा उपलब्ध कराने की दिशा में कंपनी की बड़ी योजना का हिस्सा है। गैलेक्सी हेल्थ इंश्योरेंस का उद्देश्य राज्यभर में समावेशी स्वास्थ्य समाधान का विस्तार कर 5,000 लोगों को सुरक्षा प्रदान करना है। उत्तर भारत में विस्तार की रणनीति के तहत, कंपनी वित्त वर्ष 2026 तक उत्तर प्रदेश में 1,000 से अधिक एजेंट जोड़ने की योजना बना रही है, जिससे ग्रामीण और कम सेवा-प्राप्त परिवारों तक बीमा सेवाएं पहुँचाई जा सकें। गैलेक्सी हेल्थ इंश्योरेंस के प्रबंध निदेशक एवं सीईओ, श्री जी. श्रीनिवासन ने कहा, ह्लउत्तर प्रदेश में स्वास्थ्य बीमा की पहुँच बढ़ाने की अपार संभावनाएँ हैं। लखनऊ में हमारी उपस्थिति के साथ, हम उत्तर भारत के लोगों को किफायती और विश्वसनीय स्वास्थ्य सुरक्षा उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध हैं। गैलेक्सी हेल्थ इंश्योरेंस का उत्तर प्रदेश बाजार में प्रवेश एक समयोचित और सार्थक कदम है, जिसका उद्देश्य कमजोर और सीमित आर्थिक पहुँच वाले परिवारों को औपचारिक वित्तीय सुरक्षा प्रणाली से जोड़ना है। हमारी सोच सादगी और समावेशन पर आधारित है — ताकि ग्रामीण और मध्यमवर्गीय परिवार भी वह देखभाल और सुरक्षा पा सकें जिसके वे हकदार हैं ह्व गैलेक्सी हेल्थ इंश्योरेंस को मार्च 2024 में क्रक्रऊअक से संचालन लाइसेंस प्राप्त हुआ था। अपने पहले ही वर्ष में कंपनी ने देशभर में 12,000 से अधिक एजेंटों का नेटवर्क बनाया और 1.85 लाख से अधिक लोगों को बीमा सुरक्षा प्रदान की। कंपनी की प्रमुख बीमा योजनाओं में शामिल हैं: ड्ट गैलेक्सी प्रॉमिस – परिवारों के लिए एक व्यापक स्वास्थ्य बीमा योजना ड्ट गैलेक्सी मार्वेल – एक अनुकूलन योग्य योजना जो व्यापक पारिवारिक कवरेज प्रदान करते हुए स्वस्थ जीवनशैली को प्रोत्साहन देती है और परिवार को संपूर्ण कवरेज प्रदान करती है।

# कलर्स के 'धमाल विद पति पत्नी और पंगा – जोडियों का रियलिटी चेक' पर फराह खान और दिलीप मुखिया ने नए जोड़े की पहली रसोई को बनाया मजेदार

कलर्स के 'धमाल विद पति पत्नी और पंगा – जोडियों का रियलिटी चेक' पर अविका गौर और मिलिंद चंदवानी की भव्य शादी एक परफेक्ट बॉलीवुड फेयरीटेल की तरह सजी। भावनाओं से भरे दिल, प्यार से सराबोर लम्हे और जश्न का अद्भुत रंग – सब मिलकर इस टीवी शादी को अविस्मरणीय बना देते हैं! ठीक तभी, जब नवविवाहित जोड़ा अपने इन जादुई पलों का आनंद ले रहा होता है, मंच पर प्रवेश करती हैं मल्टी-टैलेंटेड फिल्ममेकर फराह खान। अपने खास अंदाज, 'ूमर और स्वाद के तड़के के लिए जानी जाने वाली फराह खान अपने घर के बने स्पेशल पकवान के बिना कभी कहीं नहीं जातीं, और सभी को अपने स्वादिष्ट व्यंजनों से लुभाती हैं। और इस बार वे अकेली नहीं हैं, उनके साथ हैं उनके भरोसेमंद कुक – दिलीप मुखिया। तैयार हो जाइए उस मजेदार नोक-झोंक के लिए, जिसकी चर्चा सोशल मीडिया पर जोरों से हो रही है! दोनों मिलकर शो पर आते हैं, नवविवाहित जोड़े को आशीर्वाद देते हैं और अविका-मिलिंद की पहली रसोई को पति-पत्नी के रूप में यादगार बनाते हैं, मंच को हंसी, प्यार और मसाले का संगम कर देते हैं।



लेकिन मस्ती यहीं खत्म नहीं होती! मजा दोगुना हो जाता है, जब फराह बाकी कंटेस्टेंट्स की कुकिंग स्किल्स की परीक्षा लेने का फैसला करती हैं। वे स्वरा और फहद को वड़ा बनाने का टास्क देती हैं, और गड़बड़ी शुरू हो जाती है। वड़े में छेद करना भूल जाने से दोनों की हालत हास्यास्पद हो जाती है, और अचानक फहद फराह की किसी आइकॉनिक फि ल्म का गाना गाने लगते हैं। किचन ठहाकों और मस्ती से गूंज उठता है, यह साबित करते हुए कि जहां फराह खान होती हैं, वहां कभी बोरियत नहीं हो सकती। अपने जोशीले अंदाज और खाने के प्रति प्यार के साथ फराह ने भरपूर धमाल मचाया! क्या अविका अपनी पहली रसोई की परीक्षा शानदार तरीके से पास करेंगी? जानिए सिर्फ. कलर्स के 'धमाल विद पति पत्नी और पंगा – जोडियों का रियलिटी चेक' में।

निविया बॉडी मिल्क प्रस्तुत करता है 'धमाल विद पति पत्नी और पंगा – जोडियों का रियलिटी चेक', को-पॉवर्ड बाय शुगर फ्री ग्रीन, कैडबरी डेयरी मिल्क, पोर होम एयर फ्रेशनर्स, एन्वी परफ्यूम्स, लॉरियल पेरिस हायलूरॉन प्योर और अमेजन ग्रेट इंडियन फेस्टिवल। स्पेशल पार्टनर्स: कोलगेट और एचडीएफसी लाइफ। देखें हर शनिवार और रविवार रात 9 बजे, सिर्फ कलर्स पर।

# डीपीए के पदाधिकारियों ने ग्रहण की शपथ

लखनऊ। डिप्लोमा फार्मासिस्ट एसोसिएशन (डीपीए) की जनपद इकाई की नयी कार्यकारिणी गठित की गयी। चुनाव प्रक्रिया प्रांतीय पर्यवेक्षक एवं डीपीए के प्रदेश कोषाध्यक्ष अजय पांडेय की देखरेख में सम्पन्न की गयी, जिनमें डीपीए जनपद शाखा बाराबंकी के अध्यक्ष पद पर केके सिंह और मंत्री राकेश कुमार तिवारी निर्वाचित हुए। सभी आठ पदों पर चुनाव में विजयी रहे प्रत्याशियों को प्रांतीय पर्यवेक्षक अजय पांडेय ने पद एवं



गोपनीयता की शपथ दिलायी। इसके बाद सभा को सम्बोधित करते हुए श्री पाण्डेय ने कहा कि संवर्ग की समस्याओं का निराकरण कराने के साथ ही हमारा समाजिक दायित्व भी है। हाल ही में विभिन्न राज्यों में बच्चों की आकस्मिक मृत्यु हुई, जो मिलावटी कफ सिरप के सेवन के कारण हुई। इस पर निजी क्षेत्र के फाम्रेसी साथियों को पत्र देकर अपील की गयी कि बिना डाक्टर की लिखी कोई दवा न बेंचे। उन्होंने आगे कहा कि दीपावली का पर्व नजदीक है और हर वर्ष की भांति अनाथ बच्चों को उपहार देते हैं। इसकी रूपरेखा शनिवार को बलरामपुर अस्पताल में एसोसिएशन के कार्यालय में बैठक के दौरान तय की जाएगी।

# बलरामपुर अस्पताल प्रशासन करा रहा जांच -शिकायतकर्ता, आरोपी सुपरवाइजर व कंपनी से दस्तावेज मांगे

लखनऊ, बलरामपुर अस्पताल में आउटसोर्सिंग कर्मचारी से घूसखोरी के मामले की जांच शुरू हो गई है। वार्ड ब्वॉय का काम कर रहे कर्मचारी को सुरक्षाकर्मी बनाने की धमकी देकर 40 हजार रुपये वसूली की शिकायत हुई थी। इस मामले में तीन सदस्यीय जांच कमेटी ने शिकायतकर्ता, आरोपी व आउंटसोर्सिंग कंपनी से जरूरी दस्तावेज तलब किए हैं। इसके लिए दो दिन की मोहलत दी गई है।

बलरामपुर अस्पताल में 756 बेड हैं। ज्यादातर बेड हमेशा भरे रहते हैं। प्रतिदिन पांच से सात हजार मरीज ओपीडी में आ रहे हैं। मरीजों को बेहतर इलाज उपलब्ध कराने के लिए बड़ी संख्या में आउटसोर्सिंग कंपनी के कर्मचारी भी अस्पताल में तैनात हैं। लेकिन इन कर्मचारियों को वसूली के लिए परेशान करने के गंभीर आरोप लगे हैं। कई वर्षों से वार्ड ब्वॉय का काम कर रहे आउटसोर्स कर्मचारी का आरोप है कि सुपर वाइजर परेशान कर रहे हैं। आरोप है कि कर्मचारी को





वार्ड ब्वॉय का काम लेकर सुरक्षा गार्ड बनाने की धमकी दी गई। ऐसा न करने के एवज में वार्ड ब्वॉय से 40 हजार रुपये वसूले। पीड़ित ने आरोपी से 40 हजार रुपये वापस दिलाने व कठोर कार्रवाई की फरियाद की है।

अस्पताल प्रशासन ने मामले को गंभीरता से लिया है। तीन सदस्यीय जांच कमेटी गठित की है। मामले की जांच कराई जा रही है। इस संबंध में शिकायतकर्ता, आरोपी व आउटसोर्सिंग कंपनी के अधिकारियों के बयान दर्ज किए गए हैं। कंपनी से शिकायतकर्ता की तैनाती किस पद पर हुई? इससे संबंधी दस्तावेज मांगे हैं। वहीं शिकायतकर्ता ने कमेटी को शपथ पत्र पर अपना बयान दर्ज कराया है। जांच कमेटी ने आरोपी से हाजिरी समेत दूसरे रजिस्टर व दस्तावेज मांगे है। निदेशक डॉ. कविता आर्या का कहना है कि मामले की जांच कराई जा रही है। जांच में दोषी को बख्शा नहीं जाएगा। फिलहाल आरोपी सुपरवाइजर से काम नहीं लिया जा रहा है। जल्द ही जांच पूरी करने के निर्देश कमेटी को दिए गए हैं।

# दीपोत्सव व अन्य त्योहारों में उत्कृष्ट परिवहन व्यवस्था सुनिश्चित करने हेतु बैठक में आरटीओ अयोध्या ने दिये निर्देश

अयोध्या , माननीय मुख्यमंत्री महोदय एवं माननीय परिवहन मंत्री महोदय के निर्देशों के क्रम में आगामी त्योहारों व अयोध्या में संपन्न होने वाले दीपोत्सव जिसमें देश विदेश से लाखों श्रद्धालुओं, अति-विशिष्ट विभूतियों एवं पर्यटकों के आना संभावित है, के दृष्टिगत उत्कृष्ट परिवहन व्यवस्था सुनिश्चित कराने हेतु आरटीओ प्रशासन सुश्री ऋतु सिंह ने मण्डल के पाँचों जनपदों- अयोध्या, अम्बेडकरनगर, सुल्तानपुर, अमेठी व बाराबंकी के एआरटीओ प्रशासन प्रवर्तन एवं यात्रीकर अधिकारियों के साथ महत्वपूर्ण बैठक की।बैठक में सर्वोच्च प्राथमिकता पर सभी कामर्शिएल वाहनों की फिटनेस, परमिट, बीमा, पीयूसी, टैक्स आदि प्रपत्रों को अद्यतन वैध करवाने हेतु प्रभावी कार्यवाही करने के निर्देश अधीनस्थों को आरटीओ ने दिये। उन्होनें नोटिस, सोशल मीडिया व अखबारों आदि के माध्यम से इस संबंध में जागरूकता एवं संबंधित को सूचित करने को कहा और साथ ही प्रभावी चेकिंग की जाय ताकि एक भी अनफिट गाड़ी सड़क पर संचालित न होने पायें। ट्रांसपोटर्स के साथ बैठकें कर बताय जाय कि यात्रियों के साथ अच्छा व्यवहार और अधिक किराया न लिया जाय, माल गाड़ी में यात्री न ढोये जाय। साथ ही आँकलन कर लिया जाय कि अयोध्या जनपद में अन्य शहरों से कितने यात्रीगण बसों, गाड़ियों से आएंगें एवं तदानुसार सुव्यवस्थित यातायात हेतु पुलिस विभाग का सहयोग करें।

आरटीओ द्वारा संभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये गये कि अक्टूबर माह के अवशेष दिनों में युद्ध स्तर पर मल्टीफोकस कार्यवाही करते हुये राजस्व की शत-प्रतिशत प्राप्ति सुनिश्चित करें एवं बकाया, बिना परमिट या परमिट समाप्त वाहनों, निजी वाहनों के व्यावसायिक प्रयोग सरेण्डर वाहनो के सत्यापन आदि पर कड़ी प्रवर्तन कार्यवाही करें एवं साप्ताहिक सूचना उपलब्ध करायें। कार्यालय में पारदर्शिता स्थापित करने और कार्यालय के बाहर दुकानों की जाँच जिला प्रशासन से अनुरोध कर करवाने के निर्देश भी दिये गये।

आयुक्त महोदय अयोध्या मण्डल के निर्देशों के क्रम में शत-प्रतिशत स्कूली वाहनों की फिटनेस की जाँच कर ली जाय व स्कूल परमिट हेतु मानक पूर्ण होने के साथ ही उ०प्र० मोटरयान नियमावली एवं शिक्षा के व्यावसायीकरण में गठित मा० विधान परिषद द्वारा दिये गये निर्देश में विहित व्यवस्था पूर्ण करने वाले शैक्षणिक संस्थानों के वाहनों के स्कूल परमिट हेतु संस्तुति प्रेषित करें और अनाधिकृत संचालन परमिट शर्तों के उल्लंघन में भी कार्यवाही की जाय। निर्देश दिये कि शिक्षा विभाग के साथ समन्वय कर स्कूली वाहनों से संबंधित सभी नियमों का कड़ाई से अनुपालन करायें।

बैठक में आरटीओ प्रशासन अयोध्या ऋतु सिंह, एआरटीओ अमेठी श्री महेन्द्र बाबू, श्रीमती अंकिता शुक्ला, श्री आर.पी. सिंह, श्री सत्येन्द्र यादव, सुश्री अल्का शुक्ला, पीटीओ श्री शैलेन्द्र तिवारी व श्री दिनेश रावत उपस्थित रहें।

(ऋतु सिंह)

# नक्सल मुक्त भारत बनाने के मोदी सरकार के संकल्प की दिशा में एक बड़ी उपलब्धि के तौर पर नक्सलवाद से सबसे अधिक प्रभावित जिलों की संख्या 6 से घटकर सिर्फ 3 रह गई

**वामपंथी उग्रवाद से प्रभावित जिलों की संख्या 18 से घटकर केवल 11 रह गई**

**प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व और केन्द्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह जी के मार्गदर्शन में इस वर्ष नक्सल विरोधी अभियानों की सफलता ने पिछले सभी रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं, इन अभियानों में 312 छहए कैडर मार गिराए गए हैं**

**836 छहए कैडरों को गिरफ्तार किया गया है और 1639 ने हिंसा का रास्ता छोड़कर मुख्यधारा में शामिल होने के लिए आत्मसमर्पण किया**

**मोदी सरकार में बहुआयामी दृष्टिकोण आधारित राष्ट्रीय कार्य योजना और नीति को कठोरता से लागू कर नक्सल खतरे से निपटने में अभूतपूर्व सफलता मिली है**

**मोदी सरकार 31 मार्च 2026 तक नक्सलवाद की समस्या को पूरी तरह समाप्त करने के लिए कटिबद्ध**

(जीएनएस)।

नक्सल मुक्त भारत बनाने के मोदी सरकार के संकल्प की दिशा में एक बड़ी उपलब्धि के तौर पर नक्सलवाद से सबसे अधिक प्रभावित जिलों की संख्या 6 से घटकर सिर्फ 3 रह गई है। अब केवल छत्तीसगढ़ के बीजापुर, सुकमा और नारायणपुर ही वामपंथी उग्रवाद (LWE) से सबसे अधिक प्रभावित जिले हैं।

वामपंथी उग्रवाद से प्रभावित जिलों की संख्या भी 18 से घटकर



केवल 11 रह गई है। इस प्रकार अब केवल 11 जिले वामपंथी उग्रवाद से प्रभावित हैं। मोदी सरकार 31 मार्च 2026 तक नक्सलवाद की समस्या को पूरी तरह समाप्त करने के लिए कटिबद्ध है।

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व और केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह जी के मार्गदर्शन में इस वर्ष नक्सल विरोधी अभियानों की सफलता ने पिछले सभी रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं। इन अभियानों में 312 वामपंथी कैडरों को मार गिराया गया है, जिनमें सीपीआई (माओवादी) महासचिव और पोलित ब्यूरो/केन्द्रीय समिति के 08 अन्य सदस्य शामिल हैं। 836 वामपंथी कैडरों को गिरफ्तार किया गया है और 1639, जिनमें एक पोलित ब्यूरो सदस्य और एक केन्द्रीय समिति सदस्य शामिल हैं, ने हिंसा का रास्ता छोड़कर मुख्यधारा में शामिल होने के लिए आत्मसमर्पण किया है।

मोदी सरकार में बहुआयामी दृष्टिकोण आधारित राष्ट्रीय कार्य योजना और नीति को कठोरता से लागू कर नक्सल खतरे से निपटने में अभूतपूर्व सफलता मिली है। राष्ट्रीय कार्य योजना और नीति में जन-हितैषी छहए अभियानों पर आधारित सटीक आसूचना शामिल है। इन कदमों में सुरक्षा वेक्यूम वाले क्षेत्रों में त्वरित डॉमिनेशन, शीर्ष नेताओं और ओवर ग्राउन्ड कार्यकताओं को निशाना बनाना, कुटिल विचारधारा का मुकाबला करना, बुनियादी ढांचे का तीव्र विकास और कल्याणकारी योजनाओं को पूरी तरह लागू कराना, वित्तीय संसाधनों को पूरी तरह बंद करना, राज्यों एवं केन्द्र सरकारों के बीच बेहतर समन्वय, और माओवादी संबंधित मामलों की त्वरित जांच और अभियोजन शामिल हैं।

वर्ष 2010 में तत्कालीन प्रधानमंत्री द्वारा जिसे भारत की "सबसे बड़ी आंतरिक सुरक्षा चुनौती" कहा गया, वह नक्सलवाद अब स्पष्ट रूप से पीछे हट रहा है। नक्सलियों ने नेपाल के पशुपति से आंध्र प्रदेश के तिरुपति तक एक लाल कोरिडोर स्थापित करने की योजना बनाई थी। वर्ष 2013 में विभिन्न राज्यों के 126 जिलों में नक्सल-संबंधी हिंसा रिपोर्ट की गई थी, जबकि मार्च 2025 तक यह संख्या घटकर केवल 18 जिलों तक सीमित रह गई थी और इनमें से केवल 06 'सबसे अधिक प्रभावित जिले' की श्रेणी में थे।